# राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड
**Rajasthan Staff Selection Board**
**Agriculture Campus, Durgapura, Jaipur, Rajasthan, 302018**

https://rssb.rajasthan.gov.in


International Year of Cooperatives 2025
Cooperatives Build a Better World

**क्रमांकः प.14(156)RSSB/ अर्थना /आ.वि./जमादार/भर्ती/2024** **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

## जमादार ग्रेड–।। भर्ती– 2024
### –:प्रेस विज्ञप्तिः–

बोर्ड द्वारा राजस्थान आबकारी विभाग के लिये जमादार ग्रेड़–।। के 72 पदों के लिए विज्ञापन संख्या 07/2025 दिनांक 16.10.2025 को जारी किया गया। ऑनलाईन आवेदन दिनांक 17.10.2025 से दिनांक 15.11.2025 तक आमंत्रित किए गए थे।

बोर्ड द्वारा जमादार ग्रेड़–।। के 72 पदों के लिए परीक्षा दिनांक 27.12.2025 को आयोजित की जानी है। उक्त भर्ती के **ऑनलाईन आवेदन पत्रों में त्रुटि संशोधन हेतु दिनांक 18.11.2025 से दिनांक 24.11.2025, 23.59 बजे तक** ऑनलाईन आवेदन में अभ्यर्थी OTR के समय दर्ज की गयी सूचनाओं (नाम, पिता, का नाम, जन्मतिथि, लिंग) तथा फोटो, हस्ताक्षर तथा शैक्षणिक योग्यता के अलावा शेष प्रविशिष्टियों में संशोधन कर सकेगा। उक्तानुसार संशोधन रू. 300/– का शुल्क ऑनलाईन भुगतान कर संशोधन कर सकेंगे।

उक्त समय सीमा के पश्चात किसी भी स्थिति में बोर्ड द्वारा कोई संशोधन स्वीकार नहीं किया जावेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी। इस हेतु बोर्ड द्वारा कोई भी ऑफलाईन प्रार्थना पत्र स्वीकार नहीं किया जावेगा।

भर्ती में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता अर्थात् संबंधित प्रमाण पत्र धारित नहीं करने वाले एवं उक्त परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने के इच्छुक आवेदकों को **ऑनलाईन आवेदन प्रत्याहरित करने हेतु अंतिम अवसर प्रदान किया जाता है। ऐसे आवेदक कुल 03 दिवस की अवधि में दिनांक 01.12.2025 से दिनांक 03.12.2025, 23.59 बजे तक** SSO Portal पर Login कर Recruitment Portal का चयन कर My Recruitment Section के अन्तर्गत संबंधित परीक्षा के समक्ष उपलब्ध Withdraw Button पर क्लिक कर अपना ऑनलाईन आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) कर सकेंगें। विज्ञापन के अनुसार वांछित योग्यता नहीं होने के बावजूद भी इस अवधि में आवेदन पत्र प्रत्याहरित (Withdraw) नहीं करने वाले अभ्यर्थियों के विरुद्ध बोर्ड द्वारा पात्रता जांच उपरान्त विधि सम्मत कार्यवाही की जायेगी।

उक्त भर्ती परीक्षा अजमेर, भरतपुर, बीकानेर, जयपुर, जोधपुर, कोटा व उदयपुर जिलों के परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की जानी हैं।

विज्ञप्ति की शेष शर्तें पूर्व विज्ञापन संख्या 07/2025 दिनांक 16.10.2025 के अनुसार यथावत रहेंगी।

**सचिव**

**क्रमांकः प.14(156)RSSB/ अर्थना /आ.वि /जमादार/भर्ती/2024** **दिनांक : यथाहस्ताक्षर**

**प्रतिलिपिः निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है:–**

1. निदेशक, सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी, को प्रेस विज्ञप्ति की प्रति प्रेषित कर निवेदन है कि उक्त विज्ञप्ति को राजस्थान पत्रिका, दैनिक भास्कर एवं दैनिक नवज्योति समाचार पत्रों के दैनिक संस्करणों में प्रकाशित करवाकर बिल भुगतान हेतु बोर्ड को भिजवाये जाने का श्रम करावें।
2. प्रभारी, आई.टी. अनुभाग, राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड को भेजकर लेख है कि उक्त आदेश को बोर्ड की वेबसाइट पर अपलोड करावें एवं संशोधन के लिए आवश्यक व्यवस्था करावें।

सचिव

Signature Not Verified

Digitally signed by Tulika Saini
Designation : Joint Secretary
Date: 2025.11.17 18:52:23 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.: 18889099